## जी-20 समिट के लिए राजधानी दिल्ली सजकर तैयार

नई दिल्ली। विशेष विदेशी तिथियों का दिल्ली के लिए रवाना होने का सिलसिला जारी है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज जी20 समिट के लिए दिल्ली आ भी चुके हैं। वहीं जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा रवाना हो चुके हैं। फुमियो किशिदा इंडोनेशिया से भारत के लिए निकले हैं। वह आसियान समिट के लिए पिछले दिनों जकार्ता पहुंचे थे। दोपहर में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तो वहीं शाम को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन दिल्ली पहुंचने वाले हैं। बाइडेन शाम का प्लेन शाम को दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। राष्ट्प ?ति बाइडेन आज ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। बाइडेन के साथ पहले उनकी पत्नी और अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन भी आने वाली थीं, लेकिन उनके कोरोना संक्र ?मित होने की वजह से नहीं आ रही हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।


देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

# त्रिगुट



नासिरा प्रेस

मालवीयनगर-गोण्डा

मो0-9236750993



हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।



गोण्डा शनिवार 09 सितम्बर 2023 वर्ष 39 अंक 24 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स-05262-230683 डाक पंजीयन संख्या-NP/GONDA-30/2003 पृष्ठ- 8 मूल्य 2.00 रुपये


# आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में नए भारत का दर्शन हो रहा- मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री जनपद गोरखपुर में 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी आज जनपद गोरखपुर में 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्री गोरक्षनाथ मन्दिर परिसर में पवित्र मिट्टी एकत्र कर कलश सौंपा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में भारत ने अपनी आजादी का अमृत महोत्सव पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया। यह हम सब का सौभाग्य है कि आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में नए भारत का दर्शन हो रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश की 140 करोड़ आबादी को आगामी 25 वर्षों की एक विस्तृत कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर दिया है। प्रत्येक राष्ट्रभक्त के मन में यह इच्छा होगी कि जब यह देश वर्ष 2047 में अपनी आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, उस समय दुनिया को सशक्त व समर्थ भारत का विश्व की बड़ी महाशक्ति के रूप में दर्शन हो और नया भारत दुनिया का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे। सशक्त भारत के लिए जो कार्यक्रम तय किए गए हैं, उसकी श्रृंखला में माटी को नमन वीरों को वंदन व विरासत के सम्मान के इस कार्यक्रम को गोरखपुर महानगर टीम द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें गोरखपुर की पवित्र माटी को अमृत कलश में एकत्रित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। प्रदेश भर के प्रत्येक नगर निकाय और विकासखण्ड से यह कलश एकत्र होकर लखनऊ और फिर दिल्ली के लिए जाएंगे। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आजादी के अमृत कलश की स्थापना की गई है। इस पवित्र कलश के स्थल पर ही प्रदेश का कलश स्थापित होगा। यहां पर एक अमृत वाटिका भी स्थापित की जा रही है।

75 शोभायात्राओं द्वारा लखनऊ पहुंचने वाले प्रदेश के 825 विकास खण्डों और 762 नगर निकायों से आए कलश भी यहां एकत्र किए जाएंगे। प्रत्येक नगर निकाय और विकासखण्ड में दो-दो कलश निर्धारित किए गए हैं। जिसमें से एक कलश लखनऊ और एक दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आजादी के अमृत काल के नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए स्थापित किया जाएगा। प्रदेश के कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ है। हम सब प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' के इस भाव को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। यह कार्यक्रम सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे, त्रिपुरा की दोनों सीटों पर भाजपा

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे शुक्रवार को आ गए। इनमें त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट पर भाजपा की जीत हुई है। केरल की पुथुप्पली सीट कांग्रेस के खाते में गई। वहीं बंगाल की एक सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। झारखंड में इंडिया अलायंस की ओर से जेएमएम ने जीत दर्ज की है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के सुधारक सिंह ने भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह को 42672 हजार वोटों से हराया है।

इन उपचुनावों को एक तरह से इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच पहले मुकाबले के रूप में रहा है। इन सात सीटों पर 5 सितंबर को उपचुनाव हुए थे। इनमें से 5 सीट- घोसी (यूपी), बागेश्वर (उत्तराखंड), डुमरी (झारखंड), बॉक्सानगर और धनपुर (त्रिपुरा) पर इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने एक साथ चुनाव लड़ा। धुपगुड़ी (बंगाल) और पुथुपल्ली (केरल) सीट पर विपक्षी पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में थीं।

राज्यवार सीटों की स्थिति...

राज्य विधानसभा सीट जीत हार
उत्तर प्रदेश घोसी एसपी भाजपा
पश्चिम बंगाल धुपगुड़ी टीएमसी भाजपा
केरल पुथुपल्ली कांग्रेस सीपीआई (एम)
झारखंड डुमरी जेएमएम एजेएसयू
उत्तराखंड बागेश्वर भाजपा कांग्रेस
त्रिपुरा बॉक्सानगर भाजपा सीपीआई (एम)
धनपुर भाजपा सीपीआई (एम)

# पेड़ लगाकर कर पर्यावरण को बनायें शुद्ध

### ० नदियों में गिरने वाले वेस्ट को रोका जाये ० तालाब की जमीन पर न हो अतिक्रमण



निज संवाददाता

गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में डा0 अफरोज अहमद, सदस्य/जज राष्ट्रीय हरित अधिकरण प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला पर्यावरण प्लान के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत की गई।

डीएम की मौजूदगी में उन्होंने सभी अफसरों को पर्यावरण को बचाने एवं प्रदूषण प्रबंधन के लिए बनाई कार्य योजनाओं को शत- प्रतिशत अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों के चारों तरफ पेड़-पौधे लगवाने पर जोर दिया जाए तथा मिल से निकलने वाली अवशिष्ट राख का सुरक्षित निस्तारण काराया जाये ।तालाब की जमीन पर बिल्कुल भी अतिक्रमण न होने दिया जाये। अवैध रूप से संचालित भट्ठो को बंद कराया जाये। उन्होंने कहा कि ठोस कचरा, प्लास्टिक कचरा, बायो मेडिकल कचरा, औद्योगिक कचरा, ई-वेस्ट वायु, जल, ध्वनि, डोमेस्टिक सीवेज, खनन एवं निर्माण कार्य आदि के प्रदूषण का निस्तारण बेहतर ढंग से किया जाए। पर्यावरण को बचाने के लिए सिर्फ प्रशासन ही नहीं, बल्कि सभी नागरिकों को भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समीक्षा से पता चला है कि गोण्डा जिला प्रशासन पर्यावरण प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए काफी सजग है।

*औद्योगीकरण आधुनिक समय की आवश्यकता*

उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण आधुनिक समय की आवश्यकता है। हमें पर्यावरण और विकास को साथ लेकर चलना होगा। विकास के साथ-साथ हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हर सम्भव प्रयास करने होंगे। इसके लिए प्रदूषण प्रबंधन में टेक्नोलॉजी का उपयोग, बड़ी संख्या में पौधरोपण, प्राकृतिक नदियों, झीलों, तालाबों, भूमियों, वनों का संरक्षण करना होगा।

*खाली भूमियों पर पौधरोपण कराने के निर्देश*

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी को विलुप्त पौधों की नस्लों को विकसित करने तथा जिला प्रशासन की मदद से जनपद की खाली भूमियों पर पौधरोपण कराने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल कॉलेज, कार्यालय, हॉस्पिटल आदि में पौधारोपण किया जाए। इसके अलावा पंचायतों में बायोडायवर्सिटी पार्क भी बनाए जाएं।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भारत-इंडिया विवाद पर मंत्री दूर रहें- पीएम

नई दिल्ली (ईएमएस)। विगत दो दिनों से चल रहे भारत-इंडिया राजनीतिक विवाद के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रियों से इस मुद्दे पर टिप्पणी करने का सन्देश दिया है। सूत्रों की मने तो उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठक एक तरफ जी-20 और अन्य मुद्दों पर चर्चा की और साथ में इस मुद्दे पर टिप्पणी न करने की बात कही। यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रियों से इस विषय पर चर्चा की है। गौरतलब है कि बीते दो दिनों में विपक्ष ने भारत-इंडिया मुद्दे पर रणनीति तैयार करने के लिए दो बैठकें की हैं।

## शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने पर होगी कार्रवाई - आयुक्त

निज संवाददाता

गोण्डा। मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल द्वारा आईजीआरएस से प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक संदर्भों की मण्डलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। समीक्षा में मण्डलीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई व सख्त निर्देश दिए कि जनसुनवाई संदर्भों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है जिसके अनुपालन में हर अधिकारी का दायित्व है कि उनके कार्यालय में प्राप्त शिकायतों का अनिवार्य रूप से गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण करें तथा आवेदक को भी अवगत कराएं जिससे शिकायतकर्ता द्वारा निस्तारण पर असंतुष्ट प्रक्रिया न दे।

इस पर मण्डलायुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे इस संबंध में शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुसार तत्परता से शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें। कुछ अधिकारी अपने जनसुनवाई पोर्टल से संबंधित कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं जिससे मण्डल के मूल्यांकन पर प्रभाव पड़ता है, जो कदापि उचित नहीं है। उन्होंने कहा इसकी निगरानी मेरे द्वारा की जा रही है, जिन अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# सरकारी धन के गबन के आरोप में प्रधानाध्यापक को किया गया निलंबित

निज संवाददाता

गोण्डा। कटरा बाजार की ग्राम पंचायत नारायणपुर कला की ग्राम प्रधान साबरून निशा ने प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर कला के प्रधानाध्यापक विश्राम सिंह के खिलाफ सरकारी धन का गबन करने का आरोप लगाते हुए देवीपाटन आयुक्त के समक्ष शिकायत की थी, जिस पर आयुक्त ने कटरा बाजार की खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा जांच कराई। जांच में प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने पर आयुक्त ने प्रधानाध्यापक को निलंबित करने के आदेश दिए है। प्रधानाध्यापक को मध्यान भोजन योजना के अंतर्गत कन्वर्जन कास्ट एवं फल वितरण की धनराशि आहरण के चेकों में वित्तीय अनियमितता करने, मध्यान्ह भोजन में व्यय से अधिक धनराशि आहरित करने, विभागीय व उच्च अधिकारियों के आदेशों एवं निर्देशों की अवहेलना करने तथा अपने कर्तव्यों का समुचित निर्वहन न करने के आरोपों में निलंबित किया गया है। इस प्रकरण में कटरा बाजार की खंड शिक्षा अधिकारी, सीमा पाण्डेय व खंड शिक्षा अधिकारी, हलधरमऊ रियाज अहमद को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। निलंबन अवधि में प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय रंजीतपुर में संबंध रहेंगे।

मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखा अधिकारी को प्रधानाध्यापक द्वारा गबन की गयी धनराशि 167318 रुपए की रिकवरी उनके वेतन से करते हुए प्राथमिक विद्यालय की धनराशि 128026 रूपये प्राथमिक विद्यालय के मध्यान भोजन निधि के खाते में एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय की धनराशि 39292 उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर कला के मध्यान्ह भोजन निधि के खाते में जमा करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को प्रधानाध्यापक विश्राम सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के भी निर्देश दिए हैं।

## अवैध कच्ची शराब के अभियान में 3 अभियोग पंजीकृत किये गये, 200 किलो लहन नष्ट किया गया



निज संवाददाता

गोण्डा। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत उप आबकारी आयुक्त अयोध्या व उप आबकारी आयुक्त देवीपाटन एवम जिला आबकारी अधिकारी बाराबंकी व गोण्डा के निर्देशन में जनपद बाराबंकी व गोण्डा के टिकैतनगर व परसपुर थानांतर्गत घाघरा नदी के आसवा मांझा व ग्राम बांसगांव में जनपद बाराबंकी से आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रामसनेही घाट व क्षेत्र-6 रामनगर एवं जनपद गोण्डा से क्षेत्र-4 करनैलगंज की आबकारी टीमों द्वारा मय अधीनस्थ स्टाफ संयुक्त रूप से दबिश दी गई। उन्होंने बताया है कि दबिश के दौरान 14 स्थानों पर छापे मारते हुए लगभग 57 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई एवं लगभग 200 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया।

उन्होंने बताया है कि आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए कुल 03 अभियोग पंजीकृत किए गए। दबिश के दौरान उक्त ग्राम के ग्राम प्रधान के साथ बैठक करके ग्रामवासियों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया एवं उनके आस पास अवैध शराब के निर्माण/बिक्री/परिवहन की गतिविधियों के संचालन होने के बारे में सूचना दिये जाने की भी अपील की गयी।

# जिलाधिकारी की बड़ी कार्रवाई, कोटेदार समेत दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम अनाज वितरित किए जाने की भी हुई पुष्टि



निज संवाददाता

गोण्डा। खाद्यान्न की कालाबाजारी और घटतौली करने वालों पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बड़ी कार्रवाई की है। खाद्यान्न की कालाबाजारी का प्रकरण संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी के आदेश पर शुरू हुई जांच में गड़बड़झाले की पुष्टि हुई। जिसके बाद थाना खोडारे में कोटेदार समेत दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

जानकारी के मुताबिक पांच सितम्बर की रात को नान्हू नगर चौराहे पर मुकेश कुमार नामक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। जिसके पास से पुलिस ने चावल की दो बोरी बरामद कीं। बरामद चावल की यह बोरियां सरकारी प्रतीत हो रही थीं। जिसकी जानकारी होने पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने हरकत में आते हुए अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए। जांच में यह अनाज खाद्य एवं रसद विभाग का होने की पुष्टि हुई।

दरअसल, पूछताछ के दौरान मुकेश कुमार पुत्र राम नरेश निवासी ग्राम पंचायत केशव नगर, बभनजोत मनकापुर ने बताया कि उसने यह चावल सुकरौली निवासी सनाउल्लाह से 1000 रुपये प्रति बोरी की दर पर खरीदा है। मुकेश की सूचना पर कोटेदार तहिरुनिशा पत्नी सनाउल्लाह की सुकरौली स्थित उचित दर की दुकान का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जांच में नौ बोरी चावल स्टाक में अधिक पाया गया। इतना ही नहीं जांच में कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम मात्रा का वितरण किए जाने की बात भी पुष्ट हुई। यह पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई। जिलाधिकारी ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए एफआईआर के आदेश दिए।

जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थाना खोडारे में कोटेदार तहिरुनिशा निवासी सुकरौली व क्रेता मुकेश कुमार के खिलाफ विधि संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# डीएम ने की कजरीतीज की तैयारियों के संबंध बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

### सभी संबंधित अधिकारी को कजरीतीज से पहले सारी व्यवस्थाओं को सही करने के दिये निर्देश-डीएम



निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आगामी 17 सितंबर व 18 सितंबर को आयोजित होने वाले कजरीतीज के पावन अवसर पर जलाभिषेक के संबंध में की जा रही तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाय ताकि किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना होने पाये। इसके साथ ही बल्लियों की बैरी केटिंग की व्यवस्था बहुत ही अच्छी होनी चाहिये। इसके साथ ही बाबा पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर के महंत के द्वारा वहां पर चल रही व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया गया। इसी प्रकार बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर के महंत के द्वारा सारी व्यवस्थाएं के संबंध में जानकारी दी गई, तथा संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष के द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में अवगत कराया गया। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्र के सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सरयू घाट पर नाव की व्यवस्था, गोताखोर की व्यवस्था तथा लाइट व साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं बहुत ही सही से कराया जाय। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर को निर्देश दिये हैं कि रूट डायवर्जन का कार्य पहले से ही करा दिया जाय ताकि आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत ना होने पाये। बैठक में जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सरयू घाट करनैलगंज में जल भरने से लेकर मंदिरों में जलाभिषेक होने तक सारी व्यवस्थाएं सही से कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं बैठक में पीडब्ल्यूडी के सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि सरयू कटरा घाट कर्नलगंज से पृथ्वीनाथ मंदिर व दुःखहरण नाथ मंदिर तक रास्ते पर विशेष ध्यान दिया जाय ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना होने पाये। बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी करनैलगंज व सदर गोंडा को सख्त निर्देश दिए हैं कि सारी व्यवस्थाएं बहुत ही अच्छी कराना सुनिश्चित करें तथा संबंधित विकासखंड के बीडीओ व थानाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं को कहीं पर भी कोई समस्या ना होने पाये।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए की श्रद्धालुओं के आने वाले रास्ते पर जगह जगह पर मेडिकल कैंप लगाए जाएं जिससे कि आकस्मिक स्थिति में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि मेले में लगने वाले सभी दुकानदारों को डस्टबिन रखने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने शहरी क्षेत्र में नगर पालिका व ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को साफ सफाई बनाए रखने, पीडब्ल्यूडी को बैरीकेडिंग व संकेतांक लगाने, पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के निर्देश दिए गए। डीएम ने मंदिर को आने वाले एवं मंदिर से जाने वाले सभी रास्तों पर संकेतांक अवश्य लगाया जाए जिससे कि किसी भी श्रद्धालुओं को मार्ग ढूंढने में परेशानी ना हो। सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने सभी संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये हैं कि अपने क्षेत्रों में कावडियों से संबंधित सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण करा लें, ताकि नजदीकी समय पर किसी प्रकार की कोई समस्यायें न होने पाये।

रुट डायवर्जन गोण्डा से लखनऊ के लिये अम्बेडकर चौराहा से वाया डेहरास परसपुर से भंभुआ लखनऊ रोड रहेगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, मुख्य राजस्व अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी करनैलगंज, सदर गोंडा, मनकापुर, तरबगंज तथा समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी गोण्डा, इटियाथोक, तरबगंज, मनकापुर, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सीडी-1, एक्सईएन प्रांतीय खंड, एक्सईएन आरईडी, नगर पालिका गोंडा संजय कुमार मिश्र, नगरपालिका करनैलगंज, जिला पंचायत राज अधिकारी, एसएचओ कोतवाली नगर, महंत पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर खरगूपुर, महंत दुःखहरण नाथ मंदिर गोंडा संबंधित थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## देश भर के हजारों छात्र नहीं दे पाएंगे सीए का एग्जाम

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस बार देश के हजारों छात्र चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) एग्जाम नहीं दे पाएंगे। इसकी वजह यह है कि इंडियन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट (आईसीएआई) ने इस बार सीए की ऑनलाइन एग्जाम फॉर्म भरने कीऑनलाइन विंडो 31 अगस्त को ही बंद कर दिया। इस कारण देशभर के हजारों छात्र फॉर्म भरने से वंचित रह गए। गौरतलब है कि हर बार आईसीएआई द्वारा सीए की ऑनलाइन एग्जाम फॉर्म की डेट सितम्बर के पहले सप्ताह तक की होती है। इस कारण अधिकांश छात्र सितंबर में फॉर्म भरने की तैयारी करके बैठे थे। लेकिन इस बार आईसीएआई द्वारा 31 अगस्त को ही ऑनलाइन विंडो बंद कर दिया गया। इस दौरान देश के हजारों छात्र एग्जाम फॉर्म नहीं भर पाए। छात्रों ने काउंसिल मेंबर्स और आईसीएआई के अध्यक्ष अनिकेत सुनील तलाटी तक से गुहार लगा चुके है। छात्र एग्जाम फॉर्म लेट फीस के साथ भी भरने तैयार है। लेकिन आईसीएआई द्वारा अब तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है। देश भर में ऐसे छात्रों की संख्या लगभग 1 हजार से अधिक है। पहले भी विषम परिस्थितियों में भी आईसीएआई फॉर्म भरने की तारीख बढ़ाई है। लेकिन इस बार आईसीएआई का रुख कड़ा है। सूत्रों का कहना है की संगठन के पदाधिकारी तो दोबारा ऑनलाइन विंडो खोलने के लिए तैयार है, लेकिन प्रेसिडेंट इसके लिए तैयार नहीं है।

त्रिगुट
शनिवार 09 सितम्बर 2023

## जी 20 में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता ?

20 देशों के शीर्ष नेता जी-20 की बैठक में शामिल होने के लिए भारत पहुंच रहे हैं। भारत सरकार इस सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो वाईडेन, जापान के फुमियो किसीदा और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डॉक्टर सिल्वा ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक सहित 20 देश के राष्ट्र प्रमुख अथवा उनके प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत पहुंच रहे हैं। भारत सरकार द्वारा विदेशी मेहमानों के आव-भगत,स्वागत सत्कार,खाने-पीने के विशेष इंतजाम किए हैं। सोने चांदी के बर्तनों में शाही खाना खिलाने की व्यवस्था की गई है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस बैठक में भाग लेने नहीं आ रहे हैं। इन दोनों देशों से भारत के व्यापारिक रिश्ते बहुत मजबूत हैं। दोनों देशों के राष्ट्रपति के साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध भी बहुत मजबूत हैं। भारत सरकार द्वारा पिछले 1 साल में इस सम्मेलन को लेकर कई बड़े आयोजन किए गए हैं। यह माना जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए भारत का दावाइस सम्मेलन से मजबूत होगा। सभी जी-20 के देश भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन करेंगे। विशेष रूप से चीन को लेकर भारत को आशा है,कि चीन इसका विरोध नहीं करेगा। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए भारत का समर्थन करेगा। पिछले एक दशक में चीन के साथ भारत का व्यापार बहुत तेजी के साथ बढा है। चीन से बहुत आयात हो रहा है, उस तुलना में भारत से निर्यात कम हो रहा है। भारत का निर्यात और आयात संतुलन चीन के साथ लगातार बढ़ने के बाद भी,भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ दोस्ती को कम नहीं होने दिया। जी 20 का सम्मेलन भारत में हो रहा है। भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। ऐसी दशा में चीन की यह जिम्मेदारी बनती है,कि वह भारत को सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता दिलाने के प्रस्ताव को समर्थन दे। रूस ओर चीन के राष्ट्रपति जी 20 के सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत नहीं आ रहे हैं। इसके बाद भी यह आशा की जा रही है, भारत संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में स्थाई रूप से शामिल होगा, तो विश्व बंधुत्व की भावना और विश्व गुरु के रूप में भारत सारी दुनिया के देशों को एक नई दिशा देगा। चीन के राष्ट्रपति के साथ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुत अच्छे संबंध हैं। इसका दावा समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते रहे हैं। जी 20 के इस सम्मेलन में उस दावे को रिश्तो की कसौटी में परखा जाएगा। भारत को चीन और रूस से बड़ी आशा है। दोनों ही राष्ट्रपति जी-20 के सम्मेलन में नहीं पहुंच रहे हैं। वहीं अमेरिका भारत की मेजबानी को सफल बनाने के लिए पुरजोर समर्थन दे रहा है। यूरोपीय देशों का समर्थन भारत कोअमेरिका के कारण हासिल है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थाई सदस्य बनाए जाने के बड़े पैरोकार हैं। दुनिया के अन्य देश भी स्थाई सदस्यता के लिए भारत का समर्थन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर जो ख्याति अर्जित की है। उसके बाद यह आशा की जा रही है, कि भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता दिए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास होगा। यदि ऐसा हुआ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओर जी 20 के शिखर सम्मेलन में भारत की राजनीति और कूटनीति सफलता होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद सारी दुनिया में बढ़ेगा।

## सृष्टि के परम स्वामी कृष्ण

मनुष्य को जानना चाहिए कि भगवान कृष्ण ब्रह्मांड के सभी लोकों के परम स्वामी हैं। वे सृष्टि के पूर्व थे और अपनी सृष्टि से भिन्न हैं। सारे देवता इसी भौतिक जगत में उत्पन्न हुए, किंतु कृष्ण अजन्मा हैं, फलत- वे ब्रह्मा और शिव जैसे देवताओं से भी भिन्न हैं। और चूंकि वे ब्रह्मा, शिव तथा अन्य समस्त देवताओं के स्त्रष्टा हैं अत- समस्त लोकों के परम पुरुष हैं। परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त करने के लिए मनुष्य को समस्त पापकर्मों से मुक्त होना चाहिए। जैसे कि भगवद्गीता में कहा गया है, उन्हें केवल भक्ति के द्वारा जाना जा सकता है, किसी अन्य साधन से नहीं। मनुष्य को चाहिए कि वह कृष्ण को साधारण मनुष्य न समझे। इस जगत में शुभ या अशुभ वस्तुओं का बोध बहुत कुछ मनोधर्म है क्योंकि इस भौतिक जगत में कुछ भी शुभ नहीं है। प्रत्येक वस्तु अशुभ है। क्योंकि प्रकृति स्वयं अशुभ है। हम इसे शुभ मानने की कल्पना मात्र करते हैं। वास्तविक मंगल तो पूर्ण भक्ति और सेवाभाव से युक्त कृष्णभावनामृत पर ही निर्भर करता है। अत- यदि हम तनिक भी चाहते हैं कि हमारे कर्म शुद्ध हों, तो हमें परमेश्वर की आज्ञा से कर्म करना होगा। ऐसी आज्ञा श्रीमद्भागवत तथा श्रीमद्गीता जैसे शास्त्रों या प्रामाणिक गुरु से प्राप्त की जा सकती है। चूंकि गुरु भगवान का प्रतिनिधि होता है, अत- उसकी आज्ञा प्रत्यक्षत- परमेश्वर की आज्ञा होती है। गुरु, साधु तथा शाप एक ही प्रकार से आज्ञा देते हैं। इन तीनों स्त्रेतों में कोई विरोध नहीं होता। कर्म संपन्न करते हुए भक्त की दिव्य मनोवृत्ति वैराग्य की होती है, जिसे संन्यास कहते हैं। जैसा कि भगवद्गीता के छठे अध्याय के प्रथम श्लोक में कहा गया है कि जो भगवान का आदेश मानकर कोई कर्त्तव्य करता है और जो अपने कर्मफलों की शरण ग्रहण नहीं करता, वही असली संन्यासी है। जो भगवान के निर्देशानुसार कर्म करता है, वास्तव में संन्यासी और योगी वही है।

# जी-20समिट-अतिथि देवो भव:

दिल्ली में होने वाली जी -20 समिट यानि समागम के जरिये भारत को एक बार लम्बे आरसे बाद दुनिया के 20 बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्षों की मेजबानी का सौभाग्य मिला ह। देश की सरकार ने जिस तरिके से विदेशी मेहमानों के स्वागत की तैयारी की है उसे देखकर लगा है की विदेशी मेहमान कुछ देकर जाएँ या न जाएँ लेकिन अपने साथ भारतीय सौजन्यता की मधुर यादें अपने साथ अवश्य ले जायेंगे। ये आयोजन और यादगार बन जाता यदि सरकार औदार्य दिखाते हुए इस आयोजन के माध्यम से देश की सीआईसी एकता को भी प्रकट करता तो।

भारत में अतीत में ऐसे तमाम बड़े आयोजन हुए हैं जिनके जरिये दुनिया भारत की मेहमाननवाजी की कायल हुई ह। दुनिया के बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्षों को हमने दिल्ली आते-जाते देखा है। हमने अपने पारम्परिक मित्रों के साथ पारम्परिक शत्रुओं को भी कटुता भुलाकर दिल्ली में उनके स्वागत में पालक पांवड़े बिछाए हैं,उन्हें झूला झुलाया है ,लेकिन ये पहला मौक़ा है जब इतनी बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान एक साथ एक मंच पर खड़े दिखाई देंगे। एक जमाने में भारत की पहचान पंडित जवाहर लाल नेहरू के पंचशील और गुटनिरपेक्ष आंदोलन के जरिये दुनिया में बनीं थी। आज कुछ-कुछ वैसा ही जी-20 सम्मेलन के जरिये होता दिखाई दे रहा है। हमारे आज के प्रधानमंत्री उद्भट विद्वान हैं और उनकी अपनी कूटनीति इस सम्मेलन में अपनी छाप छोड़ेगी ये देखने वाली बात होगी। नेहरू के बाद या उनके मुकाबले दुनयातन करने वाले मोदी जी दुसरे या तीसरे भारतीय र्प्धानमंती हैं जिन्हें दुनिया जानती-पहचानती है और मानती है। दुनिया के पांच बड़े देश तो अब मोदी और भारत को जानते और मानते ही हैं। भारत की साख मोदीकाल में बढ़ी या घटी इसका आकलन किये बिना ये संतोष की बात है की हम मेजबानी के मामले में किस से कम नहीं नजर आ रहे।

भारत सरकार ने विदेशी मेहमानों की आवभगत के लिए पूरे इंतजाम किये हैं पूरे केंद्रीय मंत्रिमंडल को इसके लिए तैनात किया है ।अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का स्वागत जनरल ( सेवानिवृत ) वीके सिंह करेंगे, जबकि इटली के पीएम, बांग्लादेश के पीएम, ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री का स्वागत क्रमशः शोभा करंदलाजे, दर्शना जरदोश, अश्विनी चौबे और केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर करेंगे। ब्राजील के राष्ट्रपति के स्वागत की जिम्मेदारी नित्यानंद राय, फ्रांस की राष्ट्रपति के लिए अनुप्रिया पटेल, जर्मन चांसलर के लिए बी. एल. वर्मा. और मॉरीशस के प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए श्रीपद नाइक को कहा गया है. इसी तरह से सिंगापुर के प्रधानमंत्री को एल. मुरुगन, यूरोपीय संघ प्रमुख को प्रह्लाद पटेल, स्पेन के राष्ट्रपति को शांतनु ठाकुर और चीन के प्रधानमंत्री को वीके सिंह हवाई अड्डे पर लेने जायेंगे। श्री मोदीजीने दुनिया में अपने दौरों से सबक लेकर खुद किसी भी राष्ट्राध्यक्ष की अगवानी से अलग रखा है। प्रधानमंत्री सभी राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत कैसे और कहाँ करेंगे ,ये रहस्य है।

आपको याद दिला दूँ कि जी-20 समूह का एजेंडा वैश्विक भलाई का है, पृथ्वी की भलाई का है, पृथ्वी के सतत भविष्य का है और इसीलिए जी20 के लिए हमारा नारा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है. मिशन लाइफ इसका बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत के संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी भले ही देश को संसद के विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में नहीं बता पाए हों लेकिन उनका कहना है कि तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के नतीजे निस्संदेह पूरी दुनिया के लिए अच्छे परिणाम लाएंगे। जोशी ने कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश पिछले कुछ वर्षों में एक नेता के रूप में उभरा है और आज भारत जो कहता है, दुनिया उसे सुनती है और उसका समर्थन करती है। जोशी ने कहा कि भारत ने वैश्विक महामारी के दौरान संकट से निपटने के लिए विभिन्न देशों को घरेलू स्तर पर निर्मित टीकों और अन्य आवश्यक दवाओं की आपूर्ति करके वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। गौरतलब है कि जी -20 में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ ( 27 सदस्यीय समूह ) शामिल है।

जी-20 सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का करीब 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और करीब दो-तिहाई वैश्विक आबादी का प्रतिनिधित्व करते है। इस बार कि एक बात और महत्वपूर्ण है कि इस मौके पर विदेशी मेहमानों के सम्मान में भारत के राष्ट्रपति भोज देंगें इंडिया के नहीं। इंडिया को टाटा-बाय-बाय करने की ये शुरुवात है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इस सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले तमाम राष्ट्राध्यक्ष पहली बार भारत आएंगे । अमेरिका के राष्ट्रपति जो वायदें भी इनमें से एक हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले, भारत का दौरा करने वाले आखिरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प थे, जो वह फरवरी 2020 में भारत आए थे। बाइडेन जी-20 शिखर सम्मेलन के समाप्त होने के बाद रविवार को वियतनाम रवाना होंगे। मना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन के बीच बातचीत में स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा और उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा सहित विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में जारी द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा पर जोर दिए जाने की संभावना है। दोनों पक्ष वीजा व्यवस्था को और उदार किए जाने के संबंध में भी विचार-विमर्श कर सकते हैं। इस सम्मेलन की कामयाबी के लिए हम सबकी शुभकामनाएं।

# फोटोग्राफी के साथ अपने शौक को नौकरी में बदलें

विजय गर्ग

फोटोग्राफी का शौक ज्यादातर लोगों को होता है लेकिन जिन लोगों को इसमें ज्यादा रुचि होती है वो इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाने की कोशिश करते हैं। बेहतर तकनीक वाले कैमरा फोन के आने से फोटोग्राफी का शौक आज हर किसी में देखा जा सकता है। अगर आप भी अच्छी तस्वीरें लेना और रचनात्मक तरीके से सोचना जानते हैं तो आप अपनी फोटोग्राफी स्किल्स को बेहतर बनाकर इस क्षेत्र में बेहतर करियर बना सकते हैं। मीडिया, ब्लॉगर्स, फूड पोर्टल्स, ट्रैवल पोर्टल्स और बड़े फैशन स्टोर्स के आने के बाद।मार्केट में फोटोग्राफर्स की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। फ़ोटोग्राफ़रों की जीवनशैली बहुत मज़ेदार होती है क्योंकि वे अक्सर मशहूर हस्तियों या प्रसिद्ध लोगों से मिलते हैं और दुनिया भर की यात्रा करते हैं लेकिन फ़ोटोग्राफ़ी करना इतना आसान नहीं है। एक फोटोग्राफर को एक क्लिक के लिए कई घंटों और कभी-कभी महीनों तक भी इंतजार करना पड़ सकता है।

आप शादियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि की तस्वीरें खींचकर भी अपना व्यवसाय चला सकते हैं। फैशन फोटोग्राफर यह ग्लैमर की दुनिया से जुड़ा क्षेत्र है. फ़ैशन इवेंट को कवर करने से लेकर फ़ैशन फ़ोटोग्राफ़ी तकइसके अलावा मॉडल्स की फोटो प्रोफाइल भी तैयार की जाती है. विशेषज्ञ डिजाइनर और फैशन हाउस अपनी कला को प्रभावी बनाने के लिए रचनात्मक फैशन फोटोग्राफरों की मदद लेते हैं। ऐसे में मॉडल्स के साथ काम करते हुए उन्हें स्टूडियो और शोरूम में डिजाइनर एक्सेसरीज का फोटो शूट भी करना पड़ता है। इसके अलावा फैशन शो को भी कवर करना है. खाद्य फोटोग्राफर आतिथ्य उद्योग, देसी रेस्तरां, फूड पोर्टल जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों को देखते हुए, कुशल फूड फोटोग्राफर और स्टाइलिस्ट के लिए नौकरी के बेहतरीन अवसर हैं।लगातार सामने आ रहे हैं. वही फोटोग्राफर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्वाद को जगह देते हुए तस्वीरें खींचते हैं, ताकि इन खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देकर पहचान बनाई जा सके। विवाह में फ़ोटोग्राफी करने वाला व्यक्ति शादियों और अन्य आयोजनों से लेकर छोटे-बड़े आयोजनों में आजकल फोटोग्राफी की जाती है। लोग ऐसे यादगार पलों की तस्वीरें लेना, वीडियोग्राफी करना भी पसंद करते हैं, ताकि उन्हें संजोकर रखा जा सके। फोटोग्राफी में जल्दी पैसा कमाने के लिए यह सबसे अच्छा क्षेत्र माना जाता है। प्रियएस फोटोग्राफर समाचार पत्रों या पत्रिकाओं में प्रकाशित सभी तस्वीरें प्रेस फोटोग्राफरों द्वारा ली जाती हैं। विशेषज्ञ फोटोग्राफरों द्वारा ली गई तस्वीरें समाचार की गुणवत्ता बढ़ाती हैं। कई बार बात करती हुई फोटो भी बहुत कुछ कह जाती है और इसके लिए अलग से कैप्शन की जरूरत नहीं होती. हर अखबार और पत्रिका को इन फोटोग्राफरों की जरूरत होती है।

वन्यजीव फोटोग्राफर यह रोमांच के साथ-साथ समय लेने वाला क्षेत्र भी है लेकिन जो लोग खतरों से खेलना पसंद करते हैं वे घने जंगलों के बीच जानवरों और पक्षियों की तस्वीरें लेते हैं।ऐसा लग रहा है कि ये उनके लिए एक अच्छी फील्ड साबित हो सकती है. आज लोग ऐसी तस्वीरें अपने घरों और दफ्तरों में लगाना पसंद करते हैं। आप डॉक्यूमेंट्री निर्माता भी बन सकते हैं। यात्रा फोटोग्राफर आज इस क्षेत्र में बहुत उत्साह है क्योंकि लोग नई जगहों की यात्रा करना पसंद करते हैं। यात्रा फोटोग्राफी में किसी विशेष क्षेत्र का परिदृश्य, नए स्थानों की खोज करना या एक नए कोण से उनकी तस्वीरें लेना शामिल है। आम तौर पर, ट्रैवल फ़ोटोग्राफ़र अलग-अलग तरीकों से देश और दुनिया की यात्रा करते हैंय आश्चर्यजनक तस्वीरें खींचता है और उन्हें यात्रा पुस्तक प्रकाशकों, यात्रा ब्लॉगों, यात्रा पोर्टलों, पत्रिकाओं और समाचार पत्रों को प्रदान करता है। शैक्षणिक योग्यता इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों द्वारा शॉर्ट टर्म और डिप्लोमा से लेकर डिग्री कोर्स तक संचालित किए जा रहे हैं। इसे आप दसवीं और बारहवीं के बाद कर सकते हैं. शॉर्ट टर्म कोर्स दो, तीन महीने और छह महीने के होते हैं। डिप्लोमा कोर्स एक साल का और डिग्री कोर्स तीन साल का होता है। फोटोग्राफी सीखने के लिए आजकल कई ऑनलाइन कोर्स भी चलाए जा रहे हैं। यह कोर्स एक महीने से लेकर तीन महीने तक का होता है। इनके लिए किसी शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है।

# रैगिंग की घटनाएं - एक खौफनाक त्रासदी

नरेन्द्र भारती

देश में हिमाचल का बहुचर्चित अमन काचरु रैगिगं कांड के बाद भी विश्वविद्यालयों व कालेजों में रैगिंग का संक्रमण बढता जा रहा हैं।माननीय सर्वोच्च न्यायलय ने रैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध का कानून लागू किया है मगर देश में रैगिग के बढते मामलों से यह कानून मजाक बनता जा रहा है। ताज़ा घटनाक्रम में हिमाचल के आईआईटी मंडी मे रैगिंग की घटना सामने आई है द्य आईआईटी प्रबंधन ने आरोपी 10 छात्रों क़ो छः महीने के लिए निष्कासित कर दिया है तथा 72छात्रों पर 15 से 25हजार रूपये तक का जुर्माना लगाया गया है द्य यह मामला बीते 11 अगस्त 2023 का है द्य आईआईटी मंडी मे घटित यह बहुत ही संगीन मामला है इस मामले पर प्रशासन को कड़ा संज्ञान लेना चाहिएद्य देश में रैगिंग के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं द्य रैगिंग के कारण प्रताड़ित छात्र आत्महत्या तक कर रहे हैं पिछले दिनों एम्स बिलासपुर मे भी एक मामला हो चूका है वहाँ भी एक छात्रा ने आत्महत्या की कोशिश की थी मगर बच गई थी द्य यूजीसी के आकड़ों के मुताबिक 2020 में देश में रैगिंग के 219 मामले सामने आये थे द्य 2021 में रैगिंग के 511मामले हुए थे द्य 2019 में उत्तर प्रदेश के इटावा में सैफई मैडिकल विश्वविद्यालय में रैगिंग का मामला घटित हुआ था । जहां सीनियर छात्रों ने 150 छात्रों के सिर मुंडवा दिए थे ।यह एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के छात्र थे । ताकि अपराधियों को सजा मिल सके।रैगिग के मामलों में वृद्वि खतरनाक साबित हो रही है।

वर्ष 2018 में ऐसा ही एक मामला मध्यप्रदेश के भोपाल में घटित हुआ था जहां रैगिंग से तंग आकर बीफार्मा की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी ,छात्रा के सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने चार लड़कियों व एक अध्यापिका को गिरफतार कर लिया था। रैगिग का यह कोई मामला पहीं हे इस से पहले कई जघन्य वारदातें हो चुकी है। इतनी वारदातें होने के बाद भी इन घटनाओं पर रोक नहीं लग रही है। रैगिग छात्रों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। रैगिग की इन वारदातों से छात्र खौफजदा होते जा रहे हैं।अगर यही हाल रहा तों छात्रों के भविष्य पर संकट के बादल मंडरा सकतें है क्योकि इन बारदातों से अभिभावक भी अपने बच्चों को असुरक्षित समझ रहे है। रैगिग का साधरण सा अर्थ एक दूसरे का परिचय जानना होता था मगर अब इसका स्वरुप बदलता जा रहा है। रैगिगं अब यातना बन गई है छात्रों को मानसिक रुप से प्रताडित किया जाता है ,मारपीट की जाती है।आज तक पता नहीं कितने छात्र-छात्राएं रैगिग के कारण असमय मौत के मुह में जा चुंके है।उतरप्रदेश के इटावा में घटित इस घटना ने एक नई बहस को जन्म दिया है। देश के शिक्षण संस्थानों में प्रतिबन्ध के बाद भी यह मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। बीते हादसों से न तो प्रशासन ने सबक सीखा और न ही छात्रों ने सीख ली। यदि कडे कदम उठाए होते तो आज यह हादसा न होता। यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है।रैगिग की यह बीमारी विश्वविद्यालयों ,कालेजों के बाद अब स्कूलों में भी अपने पांव पसार चुकी है यदि इस पर समय रहतें रोक न लगाई तो आने वाले समय में घातक परिणाम भुगतने पडेगें। देंश में समय= पर ऐसे दुखद हादसे होते रहते है मगर यह रुकनें के बजाए निर्बाध रुप से बढतें ही जा रहे हैं। समाचार पत्रों की खबरों के अनुसार मई में मुम्बई के ठाणें में रैगिग से तंग आकर एक छात्र ने ट्रेन के आगे कटकर आत्महत्या कर ली ।दिल्ली के स्कूल आफ प्लानिगं एंड आर्किटैक्चर का एक होनहार छात्र रैगिगं के चलतें अपाहिज हो गया आरोप है कि प्रथम वर्ष के छात्र नवीन कुजुर को उसके सीनियर ने ऐसी यातनाएं दी कि वह चलने फिरने के काबिल नहीं रहा। आन्ध्रप्रदेश में एक कालेज में सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्रा की रैगिग ली उनकी यातना से उस छात्रा ने अपनी आवाज खो दी थी।एक अन्य घटना में छात्र को क्लास में लडकी कहा जाता था छात्रों की इस हरकत से तंग आकर उस छात्र ने खुद को आग लगा दी थी। मुम्बई में एक कालेज में सीनियर छात्राओं ने एक जूनियर छात्रा को मिर्ची खिलाई और उठक बैठक करवाई ।कोलकाता में एक कालेज में सीनियर जूनियर को ड्रग्स लेने के लिए मजबूर करते है और पिटाई करते हैं उत्तर प्रदेश में सरकार ने रैगिग के खिलाफ अभियान छेडा है तथा रैगिग करने वाले छात्रों को पांच साल तक दाखिला न देने को कडा फैसला लिया है।

साल 2010 में एक साल में 164 केसों में 19 की मौत हो गई थी। देश में 2023 में भी यह मामले थमते नहीं आ रहे है। एक समय था कि कालेजो में रैगिग का नाम तक नहीं था मगर पिछले कुछ सालों से रैगिग के आकडों में अप्रत्याशित बढोतरी होती जा रही है। कालेज के कुछ बिगडैल किस्म के छात्र -छात्राएं कालेज का माहौल बिगाडनें में मशगुल रहते है, ऐसे मुठठी भर लोग छात्रों को अनावश्यक रुप से तंग कर रहे है ऐसे उदडं लोगों को कानून के मुताबिक सजा देनी चाहिए ।आज यह रैगिगं भयानक होती जा रही है। बीते सालों में हिमाचल के सुन्दरनगर के पौलिटैक्निक कालेज में भी रैगिगं की वारदात प्रकाश में आई थी जिसमें सिरमौर का एक छात्र रैगिग का शिकार हुआ था हालांकि कालेज प्रशासन ने उन सीनियर लडकों को कालेज से निकाल दिया है पर कालेज से निकालना इसका समाधान नहीं है। केन्द सरकार व विश्वविद्यालय अनुदान आयेग को इन मामलों पर संज्ञान लेना चाहिए क्योकि यदि समय रहते कारगर कदम नहीं उठाए तो हालात बेकाबू हो जाएगें छात्र -छात्राएं रैगिग के डर से प्रवेश नही लेगें ।कालेजों में अराजकता पैदा करने वाले तत्वों पर कार्रवाई करनी चाहिए ।इनके कारण कई प्रतिभाएं खत्म हो रही है। ऐसे लोगों को सजा दी जाए तथा जुर्माना लगाया जाए।

ऐसी भी रैगिग की छात्र पढाई तक छोड देते हैं ।आज तक हजारों छात्र इस बीमारी का शिकार हो चुके है।फिर भी यह प्रवृति रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। जनमानस को एकजुट होकर इसका खात्मा करना होगा ताकि छात्र-छात्राएं निर्भिक होकर अपनी पढाई कर सके। रैगिंग के बढ़ते जाल को काटना होगा ताकि भविष्य में इन घटनाओं की पुनरावृति न हो और शिक्षण संस्थानों में माहौल खराब न हो सके ।इस बुराई के विरुद्व एक आन्दोलन करना होगा और प्रतिभावान छात्रों को बचाना होगा ।रैगिग का समूल नाश करना चाहिए ताकि यह नासूर न बन पाए। सरकारों को इन मामलों पर संज्ञान लेना होगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। यह देश हित में है।

# भारत का इंडिया में दबे पांव प्रवेश...

ओम प्रकाश मेहता

भारत के राजनीतिक पंडितों और विश्लेषकों को यह महसूस होने लगा है कि भारत की राजनीति के लिए अगले 6 महीने काफी परिवर्तनशील व ऐतिहासिक सिद्ध होंगे और इसकी शुरुआत इंडिया में भारत के दबे पांव या गुपचुप प्रवेश कराने से हो गई है, पिछले कुछ दिनों से इंडिया और भारत राजनीति में विवाद व चर्चा का विषय बना हुआ है, यद्यपि हमारे संविधान में इन दोनों ही नामों से हमारे देश की पहचान कराई गई है, किंतु अब यह दोनों नाम भावी राजनीतिक उठापटक के संकेत माने जाने लगे हैं और अगले 6 महीने की भावी राजनीति उठापटक के घोतक भी। इसी बीच प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी की सरकार ने दो दिन बाद दिल्ली में होने वाले जी20 के आयोजन के जो निमंत्रण भेजे हैं, उनमें प्रेषक के तौर पर प्रेसिडेंट ऑफ भारत तथा प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत लिखा गया है, अर्थात हमारे देश की सरकार ने गुपचुप तरीके से इंडिया में भारत का प्रवेश करवा दिया है, यह निमंत्रण-पत्र इस बात का संकेत है कि भारतीय संविधान से अंग्रेजी नाम इंडिया को हटाने की पूरी तैयारी कर ली गई है तथा इसे संवैधानिक रूप देकर सत्तारूढ़ भाजपा अगले चुनावों में इसे चुनावी उपलब्धि के तौर पर प्रस्तुत करने वाली है, इसी तरह के और भी कुछ महत्वपूर्ण कदम मोदी सरकार अगले लोकसभा चुनावों के पूर्व उठाने जा रही है, जिसके लिए संसद का इसी महा 18 से 22 तारीख तक आहुत विशेष संसद सत्र काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, इसी सत्र के दौरान मोदी अपने अगले राजनीतिक पत्ते उजागर करने वाली है, मतलब यह की मौजूदा संसद के कार्यकाल का संभवत: यह आखिरी लघु सत्र न सिर्फ राजनीतिक बल्कि हर दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण सिद्ध होने वाला होगा। शायद इसीलिए विशेष सत्र की घोषणा के साथ इसके एजेंडे का उजागर नहीं किया गया, जिस पर प्रतिपक्षी दलों के नेता आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं, अब कहां जा रहा है कि जी-20 समागम के बाद इस विशेष सत्र का एजेंडा उजागर किया जाएगा और तब प्रतिपक्षी दलों को अपनी रणनीति तैयार करने का पर्याप्त समय भी नहीं मिल पाएगा और सरकार आनन-फ़ानन में सत्र निपटाने में सफलता प्राप्त कर लेगी, यही फिलहाल सरकार की रणनीति सामने आ रही है। इसके साथ ही सरकार सूत्र निर्धारित समय से पूर्व पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों के साथ ही लोकसभा के भी चुनाव कराने के संकेत प्रकट कर रहे हैं, साथ ही एक देश-एक चुनाव का नारा भी उछाला जा रहा है, जिसके तहत कहा जा रहा है कि पूरे देश में पंचायत से लेकर संसद तक के सभी चुनाव एक साथ करवाए जाएं, जिससे की बार-बार चुनाव पर खर्च होने वाले करोड़ों रूपों की बचत के साथ चुनी हुई सरकारों को काम करने का प्रयास वैधानिक समय हासिल हो सके, अब सरकार अपनी प्राथमिकताओं में एक देश-एक चुनाव का मुद्दा किस स्थान पर रखे हुए हैं ? फिलहाल यह तो स्पष्ट नहीं है किंतु मोदी जी अपने शासन के अवसान के पहले अपनी यह राजनीतिक मनसा भी पूरी जरूर करना चाहते हैं और देश के राजनीतिक इतिहास में अपना नाम सुर्खियों के साथ दर्ज भी करना चाहते हैं। मोदी जी की इसी मानसा के अनुरूप भारतीय चुनाव आयोग ने हाल ही में संविधान की धाराओं का उल्लेख करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि देश में निर्धारित समय से 6 महीने पूर्व चुनाव कराए जा सकते हैं, साथ ही यह भी कहा कि सभी चुनाव एक साथ कराए जाने से चुनाव आयोग का मौजूदा खर्च अवश्य बढ़ेगा, लेकिन देश के बजट की काफी बचत होगी। चुनाव आयोग ने हिसाब लगाकर सरकार को यह अंदाजा दिया था कि अगर 2024 में लोकसभा के साथ देश के सारे चुनाव भी कराए जाते हैं तो 40,75,100 बैलेट यूनिट, 33,63,300 कंट्रोल यूनिट और 36,62,600 वीवी पैड की आवश्यकता होगी, साथ ही मतदान केंद्र भी 10.36 लाख से बढ़कर 11.08 लाख हो जाएंगे, साथ ही चुनावी बजट में भी काफी वृद्धि हो जाएगी। चुनाव आयोग ने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। अब यह आर्थिक बजट वृद्धि सत्तारूढ़ दल व उनके नेताओं के मंसूबों पर कितना असर डालती है, यह तो कुछ दिनों बाद इस मसले पर अंतिम फैसला आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। इस प्रकार फिलहाल यही कहा जा सकता है कि देश की राजनीति की दृष्टि से अगले 6 महीने काफी अहम सिद्ध होंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 को

बहराइच। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 09 सितम्बर 2023 को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

## जलभराव की समस्या से परेशान होकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

महराजगंज। मिठौरा विकास खंड के ग्राम सभा कसमरिया के ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या से परेशान होकर गांव में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल निकासी की सुविधा के लिए नालियां तो बनाई गई हैं, लेकिन सफाई नहीं होने के कारण नालियां भरी हैं। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य अमित निराला, कमलेश, मोलई, विजय आदि रहे। ग्राम प्रधान संदेश पटेल ने बताया कि तालाब से गांव के बाहर सड़क तक जलनिकासी के लिए ह्यूम पाइप डाली जा रही है। जल्द ही जलनिकासी की समस्या का समाधान हो जाएगा।

## आदित्य गोल्ड व ऐद्री आनंद को सिल्वर पदक मिला

महराजगंज। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम महराजगंज परिसर में ताइक्वांडो प्रतियोगिता हुई। महराजगंज डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में नौतनवां के बच्चों ने सफलता हासिल की। ताइक्वांडो प्रशिक्षक आकाश कुमार चौधरी ने बताया कि आदित्य चौधरी, नवीन कौर, परम शर्मा, तनवीर आलम, नमन जायसवाल को गोल्ड और ऐद्री आनंद दूबे, अमन चौधरी, आकांक्षा जायसवाल, श्रीनिका जायसवाल, अथर्व जायसवाल, जोया अफरोज, युग जायसवाल को सिल्वर और अदम्य प्रकाश सिंह, सत्यम, ज्योतिर्नय रुपम गुप्ता को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विकास दूबे, अजय जायसवाल, संजय जायसवाल, बाबूराम यादव, रामअधार दूबे आदि ने खुशी जताई।

## कलक्ट्रेट परिसर में आशा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

महाराजगंज। कलक्ट्रेट परिसर में आशा कार्यकत्री एसोसिएशन की ओर से बृहस्पतिवार को धरना दिया गया। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि समस्याओं के समाधान की दिशा में अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष जमीरुन निशा ने कहा कि आशा कार्यकर्ता को कार्य के बदले मिलने वाली धनराशि (कार्यपूर्ति) और राज्य सरकार के तरफ से जो 1500 रुपये प्रतिमाह धनराशि समय से नहीं मिलती है। सीएमओ कार्यालय में पूछने पर कोई उचित जवाब नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में आशा कार्यकर्ताओं को परिवार का भरण पोषण करने में परेशानी हो रही है। मांग करते हुए कहा कि आशा को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। एक निश्चित मानदेय दिया जाए। कार्यपूर्ति का पैसा जिले से न भेजकर सीएचसी से भेजा जाए। पिछली जो भी धनराशि बकाया है, उसे तत्काल भुगतान कराया जाए। आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। दुर्घटना बीमा 10 लाख करने के साथ बीमा प्रमाणपत्र भी दिया जाए। इस दौरान हिना पासवान, सोमारी देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, रिकेला पटेल, संध्या सिंह, सुधा यादव आदि मौजूद रहे।

## पेड़ काटकर बना रहे थे बोटा

महराजगंज। बांकी रेंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा कुआंचाप में कुछ लोग बड़हल, कटहल, नीम के लगभग चार हरे पेड़ काटकर बोटा बना रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से वन विभाग को सूचना मिल गई। वन कर्मियों ने लकड़ी को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। क्षेत्रीय वन अधिकारी बांकी रेंज पनियरा जगदंबा पाठक ने बताया कि बिना अनुमति पेड़ का कटान किया गया था। लकड़ी की माप कराई गई है। इसमें जो दोषी होगा उसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यालय में रील बनाते कलेक्ट्रेट के बाबू का वीडियो वायरल

मैनपुरी। कलेक्ट्रेट में तैनात एक बाबू का सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को एक वीडियो वायरल हो गया। कार्यालय में रील बनाने के साथ ही वे अधिकारियों की कुर्सी पर बैठने नजर आ रहे हैं। ये कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत है। वहीं अधिकारी मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। मामला कलेक्ट्रेट में तैनात लिपिक वीरेश पाठक से जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में वे कलेक्ट्रेट सभागार में गानों की धुन पर रील बना रहे हैं। पहले वे वीडियो में नीचे कर्मचारियों की कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं। लेकिन बाद में वे उठकर ऊपर मंच पर पड़ी कुर्सी पर जाकर बैठ जाते हैं। दरअसल ये कुर्सियां सभागार में उच्चाधिकारियों के लिए होती हैं। इन पर डीएम, सीडीओ, एडीएम, सीएमओ आदि अधिकारी ही बैठते हैं। ऐसे में एक लिपिक का अधिकारियों की कुर्सी पर बैठना लोगों के चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार भी कार्यालय में रील बनाना गलत है। वहीं लिपिक वीरेश पाठक का कहना है कि वे कर्मचारियों की कुर्सी पर ही बैठे थे। उनके वीडियो को गलत तरीके से प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कोई गलत कार्य नहीं किया है।

## करंट से घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

मैनपुरी। कुसमरा चौकी क्षेत्र के गांव नगला बख्शी निवासी शिवम सिंह 24 जुलाई को दोस्त अमन के साथ बाइक से रामनगर बाजार जा रहा था। गांव के बाहर रामनगर वाली सड़क पर केबल बदलने का काम चल रहा था। वहां से गुजरने के दौरान केबल नीचे होने से शिवम की गर्दन में छू गई और वह करंट से बेसुध होकर गिर गया। जिला अस्पताल से उसे आगरा रेफर किया गया था। बुधवार रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। इसके बाद चौकी इंचार्ज नीलकमल गौतम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित मोर्चरी भिजवाया।

## गोवंश के लिए नहीं है हरा चारा

मैनपुरी। विकासखंड किशनी की ग्राम पंचायत इलाहाबास में सरकार ने 100 गोवंश रखने के लिए गोशाला का निर्माण कराया है। गोशाला में तीन कैयरटेकर हैं। जबकि 70 गोवंश मौजूद हैं। गोशाला में गोवंशों को दो महीने से दाना नसीब नहीं हो रहा है। सूखा भूसा डाल दिया जाता है। गोवंशों के लिए आज तक हरे चारे की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। गोशाला में कोई भी रजिस्टर तैयार नहीं किया जा रहा है। पंचायत सचिव का कहना है कि सरकार की तरफ से गोवंशों के लिए धन नहीं आ रहा है। गोवंशों के दाना की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। बिना दाना के गोवंश सूखा भूसा खाकर कमजोर होकर जमीन पर गिर जाते हैं। ग्रामवासी सत्यप्रकाश, रामप्रसाद, दलवीर सिंह, मनोज कुमार, आशाराम, ब्रजेश कुमार ने गोशाला में सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है।

## शव नहीं मिला तो तीसरे दिन पुतला जलाकर किया अंतिम संस्कार

कुशीनगर। बंजरिया घाघी नदी में पुल से नदी में कूदे 58 वर्षीय मोहन साहनी का बृहस्पतिवार को तीसरे दिन भी पता नहीं चल सका। हालांकि, गोताखोर काफी देर तक नदी में उनकी तलाश किए। अंत में परिजन निराश होकर दोपहर बाद उन्हें मृत मानकर प्रतीकात्मक पुतला जलाकर अंतिम संस्कार किया। चौरा खास थाना के ग्राम जीरा मनराखन बनिया टोला निवासी मोहन साहनी मंगलवार की दोपहर घर से दो किलोमीटर दूर ग्राम नोनिया पट्टी के टोला सोनबरसा के दक्षिण घाघी नदी में कूद गए थे। तीसरे दिन बृहस्पतिवार को भी उनकी तलाश की गई, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला।

## बीमारी से बच्चे की मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

कुशीनगर। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के मंसापट्टी गांव के नौ साल के एक बच्चे की बीमारी से अचानक मौत होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के मंसापट्टी निवासी नौ साल के अमित की कुछ दिन पहले अचानक तबीयत खराब हो गई। बच्चे की मां उसका इलाज करा रही थी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार की आधी रात को बच्चे की मौत हो गई। शव को घर लाकर अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी।

# सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत स्वीकृत हुए 63 दावे



बहराइच। विगत दिनों जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अन्तर्गत 63 दावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के दौरान तहसील पयागपुर अन्तर्गत के 30 दावों के सापेक्ष रू. 01 करोड़ 47 लाख 50 हजार, कैसरगंज के 11 दावों के सापेक्ष रू. 55 लाख, महसी के 11 दावों के सापेक्ष रू. 51 लाख, मिहींपुरवा (मोतीपुर) के 09 दावों के सापेक्ष रू. 45 लाख, नानपारा व सदर बहराइच के 01-01 दावे के सापेक्ष रू. 05-05 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर अन्तर्गत स्वीकृत 30 दावों में दिव्यांगता हेतु 01 दावें रू. 2.5 लाख तथा तहसील अन्तर्गत 01 दावे में पूर्व में आपदा मद से रू. 04 लाख का भुगतान हो जाने के दृष्टिगत अवशेष रू. 01 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अन्तर्गत प्राप्त होने वाले दावों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाय। तहसीलों को निर्देश दिया गया कि सभी प्रपत्रों के साथ दावा पत्रावलियों का प्रेषण किया जाय ताकि जिला मुख्यालय पर दावों को स्वीकृत करने में कोई दिक्कत न हो। डीएम ने तहसीलों को यह भी निर्देश दिया कि ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से योजना का प्रचार-प्रसार भी कराया जाय। स्वीकृत किये गये दावों के सम्बन्ध में डीएम ने निर्देश दिया कि सभी सम्बन्धित हिताधिकारियों के खातों में शीघ्र ही धनराशि आन्तरित करा दी जाय। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर डॉ पूजा यादव, नानपारा अजित परेश, कैसरगंज पंकज दीक्षित, पयागपुर दिनेश कुमार, महसी राकेश कुमार मौर्या सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सूचना न देना पड़ा भारी, बीएसए के वेतन से कटेंगे 25 हजार रुपये

कानपुर देहात। आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना का जवाब न देना बीएसए को भारी पड़ गया। राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश पर बीएसए से 25 हजार रुपये अर्थदंड वसूली की कार्यवाही शुरू की गई है। वित्त एवं लेखाधिकारी को वेतन से अर्थदंड की कटौती के निर्देश दिए गए हैं। इस बारे में जिले के कोषाधिकारी को भी निर्देशित किया गया है। मैथा विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय जसापुर में कार्यरत सहायक अध्यापिका रागिनी सचान ने बीएसए से जनसूचना अधिकार अधिनियम के तहत चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। बीएसए की तरफ से सूचना उपलब्ध न कराने पर उन्होंने 30 जनवरी 2023, 29 मार्च व दो जून को आरटीआई के तहत फिर से बीएसए से सूचना मांगी। कोई कार्यवाही न होने पर शिक्षिका ने जन सूचना आयोग में आवेदन किया। जहां से 18 जून व 20 जुलाई 2023 को बीएसए को नोटिस जारी कर सहायक अध्यापिका को जन सूचना अधिकार के तहत सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। बीएसए ने इस आदेश की अवहेलना करते हुए आवेदक को मांगी गई सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई।

## पति से विवाद के बाद बांध के पंप हाउस पर पहुंची महिला की सूचना पर दौड़ी पुलिस

ललितपुर। गोविंद सागर बांध पर सलूस के पास निर्मित पंप हाउस पर पानी गिरने के दौरान एक महिला के बैठे होने की सूचना पर पुलिस दौड़ पड़ी। सीओ सदर व शहर कोतवाल के करीब दो घंटे तक समझाने-बुझाने के बाद महिला वहां से वापस हुई। पुलिस ने मायके वालों को कोतवाली बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि पति से विवाद के बाद महिला गोविंद सागर बांध पर पहुंची थी। बुधवार की दोपहर गोविंद सागर बांध पर सलूस के पास निर्मित पंप हाउस पर पानी गिरते समय एक महिला लेटी हुई वहां से गुजरने वाले राहगीरों को दिखाई दी। राहगीर ने इसकी सूचना गोविंद सागर बांध चौकी प्रभारी साजेश कुमार को दी। चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और कारण पूछा तो वह कुछ भी नहीं बोली। इसके बाद चौकी प्रभारी ने सीओ सदर अभय नारायण राय व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरीशंकर चंद को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद सीओ व शहर कोतवाल महिला पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ सदर ने काफी देर तक महिला को समझाया। लेकिन वह यहां से हटने को तैयार नहीं हो रही थी। करीब दो घंटे तक पुलिस के समझाने पर महिला शांत हुई और अपना नाम, पता व बांध पर आने का कारण बताया। महिला पुलिसकर्मी उसे लेकर कोतवाली पहुंची। यहां महिला के मायके पक्ष को बुलाया और उनके सुपुर्द कर दिया। क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण ने बताया कि बुधवार को महिला अपने पति के साथ सीतापाठ के पास स्थित एक मंदिर में आई थी।

## मधुमख्खी पालन किट हेतु 12 सितम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मौन पालन (मधुमख्खी पालन) उद्योग में रूचि रखने वाले व्यक्तियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 में उ0प्र0 सरकार द्वारा स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करायें जाने के उद्देश्य से जनपद में 20 लाभार्थियों को निःशुल्क मौन पालन किट वितरण किया जाना है। योजना का लाभ प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मोबाईल नम्बर, सहित विवरण 12 सितम्बर 2023 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा कर सकते है।

## गंडक नदी में डूबने से महिला की मौत

तमकुहीरोड। जंगलीपट्टी गांव के पास बृहस्पतिवार की सुबह गंडक नदी के किनारे खेती कार्य के लिए जा रही 47 वर्षीय महिला गंडक नदी में गिर गई। सूचना पर पहुंची पिपराघाट चौकी पुलिस ने गोताखोर की मदद से महिला को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जंगलीपट्टी निवासी 47 वर्षीय गुड्डी देवी बृहस्पतिवार की करीब सुबह सात बजे नदी के किनारे स्थित अपने खेत में कृषि कार्य के लिए जा रही थीं। रास्ते में पड़ने वाले नाले के पास से गुजर रही थीं, तभी बांध के किनारे लोहे की जालियों में लगे एक बोल्डर में फंस गईं, जिससे अनियंत्रित होकर नदी में गिर गईं। करीब दस बजे उधर से जा रहे लोगों ने नदी में महिला का शव देखकर शोर मचाया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बुटाई निषाद, राजेश सिंह, प्रदीप सिंह, ओमप्रकाश निषाद आदि लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पिपराघाट पुलिस ने गोताखोर की मदद से महिला के शव को नदी से निकाला।

इस संबंध में पिपराघाट चौकी प्रभारी सुजीत कुमार भारती ने बताया कि गंडक नदी में डूबने से एक महिला की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## गांव में घुस आए तेंदुए ने किशोर को मार डाला

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ और शारदा नगर रेंज के ढखवा गांव में तेंदुए ने बुधवार रात एक किशोर पर उस समय हमला कर दिया, जब वह लघुशंका के लिए घर से बाहर निकला। तेंदुआ किशोर को गन्ने के खेत में खींच ले गया।

ग्रामीणों ने शोर मचाया तो उसे छोड़कर भाग गया। जिसकी गंभीर हालत में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। दक्षिण खीरी वन प्रभाग के शारदा नगर रेंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैंड़या के मजरा ढखवा निवासी इदरीश का 14 वर्षीय पुत्र जलीश बुधवार रात करीब 1:30 बजे जगकर लघुशंका के लिए घर से बाहर निकला, तभी झाड़ियों में बैठे तेंदुए ने जलीश पर छलांग लगाकर उसकी गर्दन दबोच ली। तेंदुआ उसे पास के गन्ने के खेत में खींच ले गया। किशोर के चीखने चिल्लाने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और खेत को घेर लिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ किशोर को छोड़कर भाग गया। परिजन गंभीर रूप से घायल किशोर को लेकर अस्पताल जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार की सुबह सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और फूलबेहड़ पुलिस गांव पहुंची। परिजनों व गांव के लोगों से पूछताछ कर गन्ने के खेत का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, वन विभाग ने गन्ने के खेत में पड़े खून और पगचिह्न देखकर तेंदुआ के मौजूद होने की आशंका जताई है। वन विभाग ने लोगों से सतर्कता बरतने और खेतों की तरफ अकेले न जाने की सलाह दी है। किसी हिंसक पशु का हमला लग रहा है। टीम निगरानी में लगी है। अभी कुछ स्पष्ट बता पाना मुश्किल है। डिप्टी रेंजर संजय आजाद का कहना है कि कैमरे लगाए जा रहे हैं। ड्रोन कैमरा चलाया गया था, लेकिन कोई जानवर दिखाई नहीं दिया। लोगों को सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है।

## बच्चा वार्ड में कम पड़ गए बेड, एक की मौत

लखीमपुर खीरी। बुखार पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ने से बच्चा वार्ड फुल हो गया है। अब बच्चों को बेंच पर लिटाकर इलाज किया जा रहा है। उधर, तेज बुखार से पीड़ित एक बच्चे की मौत हो गई।

बुखार के मरीजों का आलम यह है कि 21 बेड के वार्ड में 25 बच्चों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड 21 और आईसीयू वार्ड दस बेड का है। बुखार पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ने से बच्चा वार्ड फुल है, जबकि आईसीयू वार्ड में छह बच्चों का इलाज चल रहा है। बच्चा वार्ड के बेड भर जाने से बच्चों को बेंच पर भर्ती करने की नौबत बन गई है। बता दें कि बुखार की चपेट में आकर गत 48 घंटे में 25 बच्चे जिला अस्पताल पहुंचे, जिससे वार्ड के सभी बेड फुल हो गए। ऐसे में कुछ बच्चों को बेंच पर भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।

**तेज बुखार पीड़ित एक बच्चे की मौत**

ईसानगर निवासी तेज नरायन बुखार आने पर दस वर्षीय पुत्र लाल बहादुर को पहले सीएचसी लेकर गए, लेकिन फायदा न होने पर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर इलाज के दौरान उसकी बृहस्पतिवार की दोपहर मौत हो गई, जबकि अन्य बच्चों का इलाज चल रहा है।

**एक मलेरिया संक्रमित बच्चा डिस्चार्ज**

बुखार आने पर चार वर्षीय प्रिया पुत्री बलवंत निवासी मरखापुर, दो वर्षीय अभिनव पुत्र पवन कुमार निवासी सुहेला मैगलगंज, सात वर्षीय मीनू पुत्र चन्नू लाल निवासी लहरपुर एवं आठ वर्षीय विवेक पुत्र सरवन निवासी मितौली को बुखार आने पर बच्चा वार्ड में भर्ती किया गया, जहां पर जांच के दौरान इनमें मलेरिया बुखार की पुष्टि हुई। बृहस्पतिवार को अभिनव के ठीक होने पर उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।

**ठीक होकर घर पहुंची स्क्रब टाइफस पीड़ित बच्ची**

डंडूरी गांव निवासी मुन्ना बुखार से पीड़ित आठ साल की पुत्री सिजरा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। हालत गंभीर होने पर सिजरा को बच्चा वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। जांच के दौरान बच्ची में स्क्रब टाइफस संक्रमण की पुष्टि हुई। स्वस्थ होने पर बच्ची को घर भेज दिया गया है।

**बच्चा वार्ड में बढ़ाए जाएंगे बेड**

सीएमएस जिला अस्पताल डॉ. आईके राम चंदानी का कहना है कि बुखार के मरीजों की संख्या में इस समय काफी बढ़ोतरी हुई है। इसमें बच्चे भी शामिल हैं। बच्चा वार्ड में बेड यदि फुल हो गए हैं तो और डलवाए जाएंगे। जहां तक बेंच पर लेटाए जाने का प्रश्न है वह कुछ देर के लिए ही लेटा दिया गया होगा। फिर भी इसे दिखवाएंगे।

## दो दिन पहले नहर में मिले शव की हुई शिनाख्त

लखीमपुर खीरी। थाना क्षेत्र के छेदीपुर पुल के पास बड़ी नहर में दो दिन पहले नग्न अवस्था में मिले युवक के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक के भाई ने मोर्चरी पहुंचकर शव की शिनाख्त की है। थाना प्रभारी आलोक कुमार धीमान ने बताया कि बृहस्पतिवार को तीसरे दिन सुबह शव की पहचान अनुज शुक्ला (22) पुत्र वेदप्रकाश शुक्ला निवासी वार्ड नं-2 गोला के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई ने मोर्चरी पहुंचकर भाई के हाथ में बंधी राखी और शरीर के पहचान चिह्नों से शव की शिनाख्त की है। परिजन ने बताया कि अनुज बीती तीन सितंबर की सुबह 11 बजे नहर में नहाने के लिए निकला था। जब वह शाम पांच बजे तक नहीं लौटा आया तो परिजन ने खोजबीज के बाद रात नौ बजे के करीब गोला कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## वारदात लूट की, पुलिस ने दर्ज किया चोरी का केस

पडरौना। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में हुई ट्रैक्टर लूट के मामले में पुलिस ने चार बदमाशों के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज किया है। वारदात के बाद पांच टीमें बनाकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई बदमाश नहीं लगा है।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के कोकिलपट्टी गांव निवासी नागेंद्र गोंड़ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मंगलवार की देर रात ईंट लाने के लिए दुदही की तरफ से तुर्कपट्टी बाजार की तरफ जा रहा था। वह अभी तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के शंकरपुर और मछरियां के बीच मटियरियां गांव के पास पहुंचा था कि मैजिक सवार कुछ बदमाशों ने पीछे से ऑकर ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोक लिया। वह अभी कुछ समझ पाते, तब तक बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी और बंधक बना लिया। बताया जा रहा है कि चालक को साथ लेकर बदमाश तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ही ठाकुर चौराहे के पास आए और उसे गन्ने के खेत में फेंक दिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गए। काफी देर बाद जब चालक को होश आया तो किसी प्रकार वाहन स्वामी विशुनपुरा थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी परमहंस कुशवाहा के पास पहुंचकर अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। बुधवार को एएसपी रितेश कुमार सिंह ने घटना की जांच करके आवश्यक निर्देश दिए। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि चार बदमाशों के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। चार अन्य टीमें भी लगाई गई हैं। शीघ्र मामले का खुलासा होगा।

## रास्ता भटके बालक को पुलिस ने पिता को सौंपा

मैनपुरी। घिरोर थाना क्षेत्र के एक गांव का 11 वर्षीय बालक रास्ता भटक गया और दन्नाहार थाना क्षेत्र में पहुंच गया। सड़क किनारे अकेले बच्चे को देखकर कोबरा पुलिस टीम के सिपाहियों को शक हुआ तो उन्होंने बच्चे से बात की। बच्चा सही से पता नहीं बता सका। करीब दो घंटे की कवायद के बाद पुलिस की बच्चे के परिजन से बात हो सकी। गांव कोसोन निवासी जनार्दन पाराशर बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे घर से बिना बताए गायब हो गया। दोपहर करीब दो बजे दन्नाहार की कोबरा टीम के सिपाही आशीष शर्मा और पवन चौधरी गांव बटरौली की तरफ भ्रमण पर थे तभी व्यस्त सड़क पर अकेले बालक पर उनकी नजर पड़ी। बालक डरा हुआ था। उन्होंने बालक से बात की तो वह सही से अपना पता नहीं बता पाया। शक होने पर पुलिस उसे थाने ले आई। थाने में उसने अपना गांव सिरौलिया बताया। इस पर पुलिस ने सिरौलिया के लोगों को सूचना दी। सिरौलिया से कई लोग थाने पहुंच गए और बताया कि ये बच्चा उनके गांव का नहीं है। इसी बीच गांव भटानी निवासी उदयप्रताप सिंह थाने पहुंचे और उन्होंने बच्चे से उसके स्कूल का नाम पूछा तो उसने अपने स्कूल का नाम श्री एकरसानंद इंटर कॉलेज बताया। इस पर उदयप्रताप सिंह ने अपने एक साथी से स्कूल के शिक्षक श्यामजी का नंबर लिया। श्यामजी दीक्षित को जब फोटो डाला गया तो उन्होंने बताया कि ये बच्चा कोसोन निवासी खूबलाल पराशर का पुत्र है। इसके बाद पुलिस ने कोसोन में संपर्क कर खूबलाल को बच्चे के संबंध में जानकारी दी।

## गाज की चपेट में आने से किसान की मौत

ललितपुर। खेत से लौटते समय बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े किसान की गाज की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई शुरू की। थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां निवासी कल्लू अहिरवार (55) पुत्र परसादी बुधवार को गांव से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित अपने खेत पर गया था। शाम को वह घर लौट रहा था। इस दौरान बारिश होने लगी तो वह रास्ते में लगे बबूल के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। तभी आसमान से गाज गिरी। जिसकी चपेट में कल्लू आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गांव के कुछ ग्रामीण जब अपने खेतों से वापस घर की ओर लौट रहे थे तो उन्हें कल्लू बबूल के पेड़ के नीचे मृतावस्था में पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस व परिजनों को दी।

## आधी रात को घर आया पति का दोस्त..., विवाहिता के साथ किया ऐसा घिनौना काम; बर्बाद हो गई जिंदगी

मैनपुरी। मैनपुरी में पति का दोस्त आधी रात को घर में घुस आया। अकेली विवाहिता के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता के मेडिकल के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मैनपुरी के बेवर में युवक ने जिस दोस्त पर भरोसा किया, वो ही दगाबाज निकला। मौके का फायदा उठाकर घर आ गया। पत्नी को अकेला देखकर उसके साथ गंदी करतूत की।

पत्नी के विरोध करने पर उसे जान से मानरे की धमकी दी। दहशत में आई पीड़ित आपबीती किसी को भी बता न सकी। लेकिन पति से नजरें कैसे मिलाती। यही सोचकर उसने हिम्मत जुटाई और पति के दोस्त के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**यहां का है मामला**

बेवर के एक गांव निवासी महिला का पति बाहर रहकर नौकरी करता है। पीड़िता ने बताया कि पति की गांव के ही सुखवीर उर्फ पिंटू से गहरी दोस्ती है। जब भी पति गांव आते हैं तो दोनों एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ते हैं। वहीं जब भी पति नहीं होते, तो वो घर पर कभी-कभी हाल चाल जानने के लिए आता था। पर चार सितंबर की रात को वो चुपके से घर में घुस आया।

**कमरे में सो रही पीड़िता को दबोचा**

पीड़िता ने बताया कि उस रात सास-ससुर दूसरे मकान पर सोने चले गए थे, तभी पति का दोस्त सुखवीर उर्फ पिंटू घर में घुस आया। उस समय पीड़िता अपने कमरे में सो रही थी। आरोपी ने महिला से अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया। इस दौरान पीड़िता जाग गई और विरोध करना शुरू कर दिया।

**महिला संग किया दुष्कर्म**

पीड़िता के विरोध करने के बाद में उसने बल प्रयोग करना शुरू कर दिया। महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता को धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देगा। आरोपी की धमकी से पीड़िता डर गई। फोन पर सारी घटना पति को बताई। पति के घर आने के बाद पीड़ित बृहस्पतिवार को थाने पहुंची। आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही पीड़िता का मेडिकल कराया। दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## भुगतान के नाम पर सचिव ने मांगे रुपये, ऑडियो वायरल

मैनपुरी। विकास खंड बरनाहल की ग्राम पंचायत गोटपुर में तैनात रहे पंचायत सचिव ने भुगतान के नाम पर ठेकेदार से रुपये मांगे। ठेकेदार ने बातचीत का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

साथ ही पर्यटन मंत्री को भी पूरे मामले की शिकायत की है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जिलाधिकारी को मामले की जांच कराने के आदेश दिए हैं। ऑडियो वायरल होने के बाद एक बार फिर पंचायत राज विभाग चर्चा में आ गया है। ग्राम पंचायत गोटपुर में विकास कार्य कराए जाने के लिए मैटेरियल आपूर्ति के टेंडर किए गए थे। इसमें गायत्री कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स दोस्तपुर करहल को टेंडर मिला था। उन्होंने पांच सड़कों के निर्माण के लिए पूरी सामग्री की आपूर्ति जनवरी 2023 में की थी। इसके बाद भी उनका भुगतान नहीं किया गया। फर्म के संचालक बैंचेलाल का आरोप है कि पहले तो तत्कालीन पंचायत सचिव नरेश भारती भुगतान के लिए कहने पर टालते रहे। बाद में उन्होंने 10 से 12 प्रतिशत कमीशन की मांग की। इसका एक ऑडियो भी उनके पास है। इतना ही नहीं ठेकेदार ने 20 हजार रुपये नरेश भारती की पत्नी को घर जाकर देने का भी आरोप लगाया है। लेकिन इसके बाद भी उनका भुगतान नहीं हुआ। थक हारकर उन्होंने मामले की शिकायत पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से की है। पर्यटन मंत्री ने डीएम को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। शिकायकर्ता ने पर्यटन मंत्री को नरेश भारतीय द्वारा रुपये मांगे जाने की बातचीत का ऑडियो भी सौंपा है। शिकायकर्ता ने ग्राम पंचायत में बिना कार्यों के 15 लाख रुपये के करीब भुगतान होने के भी आरोप लगाए हैं। इससे पंचायत राज विभाग में खलबली मच गई है। वहीं पंचायत सचिव नरेश भारती ने लगाए गए आरोपों को गलत बताया है।

***डीपीआरओ ने नहीं की मामले की सुनवाई***

ठेकेदार बैंचेलाल का कहना है कि पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा उनके शिकायती पत्र पर कार्रवाई के लिए डीपीआरओ को लिखा गया था। इसके बाद वह डीपीआरओ तुलसीराम से मिलने पहुंचे। लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की।

उन्होंने कहा कि वह जिलाधिकारी के पास जाएं, जब जिलाधिकारी से आदेश आएगा तब वे कार्रवाई करेंगे। इसके बाद शिकायतकर्ता घर लौट गया। वहीं डीपीआरओ तुलसीराम का कहना है कि पत्र जिलाधिकारी के लिए मार्क था, इसके चलते वहां जाने के लिए शिकायतकर्ता को कहा था।

## पति के दोस्त ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

मैनपुरी। थाना क्षेत्र निवासी महिला से पति के दोस्त ने दुष्कर्म किया। उसे धमकी दी कि अगर किसी को इस बारे में बताया तो जान से मार दूंगा। धमकी के बाद पीड़िता दहशत में आ गई। बृहस्पतिवार के आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक गांव निवासी महिला का पति बाहर रहकर नौकरी करता है। चार सितंबर की रात सास-ससुर दूसरे मकान पर सोने चले गए थे। तभी पति का दोस्त सुखवीर उर्फ पिंटू घर में घुस आया। सो रही महिला से अश्लील हरकत करने लगा। महिला जाग गई तो उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता को धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देगा। आरोपी की धमकी से पीड़िता डर गई। फोन पर सारी घटना पति को बताई। पति के घर आने के बाद पीड़िता बृहस्पतिवार को थाने पहुंची। आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही पीड़िता का मेडिकल कराया। दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## महरौनी व सौजना में लंपी वायरस से ग्रस्त छह गाय मिलीं

ललितपुर। पालतू गायों में लंपी वायरस मिलने से पशु चिकित्सा विभाग सतर्क हो गया है। महरौनी व सौजना क्षेत्र में इस वायरस से पीड़ित छह गाय देखी गई हैं। विभाग ने जनपद मुख्यालय पर लंपी वायरस इलाज व सूचना के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी गई है। साथ ही संक्रमित क्षेत्रों में दवा छिड़काव किया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि पूरे जनपद में पशु चिकित्सा अधिकारियों, पशुधन प्रसार अधिकारीयों, पैरावेट, पशु मैत्री की 18 टीम बनाई गई हैं, ये टीमें ग्रामों में इस बीमारी के सर्विलांस का कार्य कर रही हैं। इस बीमारी में पशुओं के शरीर पर गांठे बन जाती हैं जो कभी कभी घाव का रूप ले लेती हैं। इस बीमारी से बचाव हेतु जनपद की बॉर्डर सीमा पर टीकाकरण कार्य कराया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीपी सिंह ने बुधवार को पशु चिकित्सालय सदर पर पशुपालन विभाग के समस्त स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पशुपालकों को जागृत करने के साथ-साथ ग्रामों में सघन सर्विलांस के निर्देश दिए गए, पंफ्लेट वितरण भी कराया जा रहा। उन्होंने बताया कि 1962 डायल करने पर इमरजेंसी सेवा पशुपालकों को उपलब्ध रहती है। उधर, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत की बैठक में इस बीमारी की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद के सभी गोवंश आश्रय स्थलों में नियमित रूप से सैनिटाइजेशन कराया जा रहा है। लंपी रोग से ग्रस्त पशुओं को देखते हुए जनपद स्तर पर राजकीय पशु चिकित्सालय सदर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसके प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर डॉक्टर विजय यादव हैं, इनका मोबाइल नंबर 9760822075 विभाग ने सार्वजनिक किया है

